आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रश्नकाल

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पिछले एक साल में मौजूदा सरकार ने 126 नए संस्थान खोले हैं और अधिसूचित किए हैं। शिमला में चल रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विधायक दिलीप कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि नए संस्थान गुण दोष के आधार पर खोले जाते हैं और संस्थानों के लिए दी गई जमीनों को वापस करने का कोई विचार नहीं है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि एच.आर.टी.सी. पेंशनरों के खाते में आज पेंशन डाली जा रही है। अर्की के विधायक संजय अवस्थी के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार राज्य में सीमेंट संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए जा रहे उल्लंघनों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वे कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी, सीएसआर के अंतर्गत आने वाली राशि परियोजना क्षेत्र में ही खर्च करें, न कि हिमाचल प्रदेश के बाहर। हर्षवर्धन चौहान ने सदन को आश्वस्त किया कि जहाँ भी खनन और पर्यावरण संबंधी उल्लंघन हो रहे हैं, विभाग उन कंपनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा।

जगत नेगी

चम्बा जिला में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी चम्बा पहुंचे हैं। उन्होंने आज उदयपुर सहित विभिन्न आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर नुकसान पर चिंता जताते हुए प्रभावितों को सरकार की तरफ से हरसम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भरमौर में फंसे मणिमहेश यात्रियों को सकुशल घरों तक पहुंचाने का कार्य जारी है और सरकार हर व्यक्ति को राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। किन्नौर ज़िले में भारी बारिश के चलते लिप्पा के भौडरती नाला और पेजर खड्ड में अचानक बाढ़ आने से कुछ मकानों सहित बागीचों और डोगरी को नुकसान हुआ है। भौडरती नाले के मलबे में दबे दो मज़दूरों को स्थानीय ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाकर लिप्पा अस्पताल में भर्ती करवाया है। ये दोनों जम्मू के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उधर, चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा पर फंसे करीब डेढ़ सौ श्रद्धालुओं को बसों के माध्यम से जिला के जांधी से पठानकोट के लिए भेजा गया है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि मणिमहेश यात्रा के ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर फंसे श्रद्धालुओं को निकालने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी हैं। इधर कुल्लू जिला के आनी उपमण्डल के पटारना गांव में भू–स्खलन की चपेट में आने से तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई है जबकि एक लापता है। इस घटना में एक अन्य घायल को आनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आगामी 31 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

.................................................